दिनांक–17.04.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Provision to SITC of VRF system in Dakshta Bhawan at Ground, 1st and 2nd floor and 4 no. Lightening Arrestor in the campus of BIPARD Skill Park, Patna कार्य के तकनीकी बीड पर प्राप्त आपत्ति/परिवाद पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही–

उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री कुमार रवि,<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । | – | अध्यक्ष |
| 2. | श्री असीम कुमार,<br>अभियंता प्रमुख (विद्युत),<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । | – | सदस्य |
| 3. | श्री असीम कुमार,<br>मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । | – | सदस्य |
| 4. | श्री विकाश कुमार पाण्डेय,<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, पटना । | – | सदस्य |

1. कार्य का नाम– Provision to SITC of VRF system in Dakshta Bhawan at Ground, 1st and 2nd floor and 4 no. Lightening Arrestor in the campus of BIPARD Skill Park, Patna.
2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रु0 4,18,03,920/–
3. प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग – बिपार्ड, पटना का पत्रांक–5607, दिनांक–02.12.2025
4. तकनीकी स्वीकृति की राशि – रु0 4,18,03,920/–
5. परिमाण विपत्र की राशि – रु0 4,15,46,190/–
6. ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 98/2025–26 (विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना)
7. समाचार पत्र में प्रकाशन का प्रसंग – हिन्दुस्तान, दिनांक–24.12.2025
8. प्रकाशन का पी0आर0 संख्या – 020213(BCD)/2025–26 एवं 021608(BCD)/2025–26
9. ई–निविदा आमंत्रण की तिथि – 22.12.2025
10. प्री–बीड बैठक की तिथि – 06.01.2026
11. ई–निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि–16.01.2026
12. ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं का नाम एवं पता–
    (i) मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली ।
    (ii) मेसर्स कूल केयर होम, पटना ।
    (iii) श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना ।
13. दिनांक–25.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही –

विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना के पत्रांक–199, दिनांक–27.01.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा से संबंधित उपलब्ध कराये गये तकनीकी बीड अभिलेखों के आलोक में दिनांक–12.03.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत की गई, जिसमें ई–निविदा के तकनीकी बीड में भाग लेने वाले तीनों निविदादाताओं यथा मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली, मेसर्स कूल केयर होम, पटना एवं श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना को विभागीय आदेश ज्ञापांक–6290 (भ), दिनांक–07.07.2025 के आलोक में सफल घोषित करने का निर्णय लेते हुए दिनांक–19.03.2026 तक आपत्ति की मांग की गयी थी । तदालोक में निविदादाता श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना के पत्रांक–SEPL/2025-26/106, दिनांक–17.03.2026 द्वारा आपत्ति समर्पित किया गया है । निविदादाता द्वारा दिए गए आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के सभी सदस्यों द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श किया गया, विमर्शोपरान्त निम्नलिखित मंतव्य एवं अनुशंसा किया गया –

| क्र0 | आपत्ति | समिति द्वारा विमर्शोपरान्त मंतव्य एवं अनुशंसा |
|---|---|---|
| (i) | निविदादाता मेसर्स कूल केयर होम, पटना समर्पित Bank Certificate दिनांक–06.01.2026 का है एवं निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–98/25–26 का है । यह Bank Certificate SBD के शर्त्तों के आलोक में निहित Format के आलोक में नहीं है,<br>साथ ही साथ श्री प्रमोद कुमार द्वारा 25 प्रतिशत राशि को कार्य में लगाये जाने संबंधित शपथ पत्र में Notary का हस्ताक्षर नहीं है तो ऐसी स्थिति में उक्त शपथ पत्र की कोई मान्यता नहीं है । | (i) मेसर्स कूल केयर होम, पटना द्वारा समर्पित Bank Certificate के समीक्षोपरान्त पाया गया कि उक्त कागजात SBD के शर्त्तों के अनुरूप है । अतः आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं पाया गया ।<br>(ii) Self declaration of investing 25% of BOQ amount से संबंधित शपथ पत्र में Notary का हस्ताक्षर नहीं है । अतः आपत्ति स्वीकार योग्य पाया गया । |

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका–25 के आलोक में उनके द्वारा जो कागजात Chartered Accountant का समर्पित किया गया है के क्रम में यह कहना है कि Chartered Accountant द्वारा समर्पित प्रमाण पत्र में Turn Over Sales एवं Turn Over Contract को जोड़ते हुए किया गया है, जबकि Annual Turn Over Contract कार्य का होना चाहिए । उक्त आधार पर Bid Capacity की गणना किया जाना त्रुटिपूर्ण है । | उक्त के समीक्षोपरान्त पाया गया कि Annual Turn Over में Chartered Accountant के द्वारा Profit & Loss statement में by sales अंकित है । अतः आपत्ति स्वीकार योग्य पाया गया । |
| (iii) | उनके द्वारा जो Technical कर्मियों की सूची जो प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र समर्पित किया गया है वह भी पुराना है और एक शपथ पत्र वर्ष–2024 तक ही मान्य है । | मेसर्स कूल केयर होम, पटना के द्वारा अपलोड किये गये विद्युत पर्यवेक्षक का क्षमता प्रमाण पत्र एवं तारकर्मियों का परमिट सचिव, लाईसेंसिंग बोर्ड, विद्युत निरीक्षणालय, पटना के द्वारा निर्गत है, जिसकी वैधता क्रमशः दिनांक–13.01.2030 तक तथा 14.07.2027 एवं 20.04.2027 है । अतः आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं पाया गया । |
| (iv) | NIT के कंडिका–32 में अंकित है कि I the undersigned do hereby certify that all the statements made in the required attachments are true and correct and if found fake/forged, the undersigned will be liable to be inflicted upon the FIR and lawful punishment as well as black listing इस आशय का शपथ पत्र समर्पित/अपलोड करना अनिवार्य होगा, परन्तु उक्त कार्यवाही नहीं की गयी है । | NIT के कंडिका–32 के आलोक में मेसर्स कूल केयर होम, पटना द्वारा समर्पित शपथ पत्र के समीक्षोपरान्त पाया गया कि उक्त शपथ पत्र में मात्र "That I also affirm/undertake that all the facts & documents submitted by me are genuine and also signed by the genuine person. In the case of any documents & / or information funished is found false or is objected to by any of the persons concerned" ही अंकित है । अतः आपत्ति स्वीकार योग्य पाया गया । |
| (v) | निविदा के साथ उनके द्वारा एक प्रमाण पत्र Mahalasa Construction Pvt. Ltd. द्वारा निर्गत लगाया गया है, उसकी भी जांच करायी जाय, क्योंकि किसी भी कार्य को Subcontract पर दिये जाने के क्रम में सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया "(i) अनुबंध 1000 रु0 का स्टांप पर होना चाहिए । (ii) उप–अनुबंध पर कार्यपालक अभियंता का हस्ताक्षर होना चाहिए ।" का अनुपालन किया जाना है । मूल संवेदक के साथ किया गया एकरारनामा एवं उनके द्वारा इन्हें किये गये भुगतानों में की गयी कटौती से संबंधित प्रतिवेदन को भी देखा जाय, जिससे स्थिति स्वतः स्पष्ट हो जायेगी । | मेसर्स कूल केयर होम, पटना के द्वारा Subcontract के रूप में कार्य का संपादन कराया गया है । परन्तु, सक्षम पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित Subcontract संबंधी एकरारनामा की प्रति अपलोड नहीं किया गया है । अतः आपत्ति स्वीकार योग्य पाया गया । |

14. <u>दिनांक–25.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का अनुशंसा–</u>

सम्यक् विचारोपरान्त समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से ई–निविदा के तकनीकी बीड में भाग लेने वाले तीनों निविदादाताओं में से दो निविदादाता यथा मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली एवं श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना को सफल एवं एक निविदादाता यथा मेसर्स कूल केयर होम, पटना को SBD की कंडिका–4.2 (ii), 4.5 (a), 4.5 (b) एवं NIT की कंडिका–32 का अनुपालन नहीं किये जाने के परिणामस्वरूप असफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है । साथ ही, सफल दोनों निविदादाताओं यथा मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली एवं श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने का निर्णय लिया गया ।

15. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णय–</u>

दिनांक–25.03.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के स्तर से सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में दो निविदादाता यथा मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा० लि०, नई दिल्ली एवं श्रेयश इंजीकॉन प्रा० लि०, पटना को सफल एवं एक निविदादाता यथा मेसर्स कूल केयर होम, पटना को असफल घोषित करते हुए सफल दोनों निविदादाताओं के वित्तीय बीड को खोलने का निर्णय लिया गया । तदनुसार, मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें । इसे विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय ।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17/4/26 | 17/4/26 | 17/4/26 | 17/4/26 |
| (विकाश कुमार पाण्डेय) | (असीम कुमार) | (असीम कुमार) | (कुमार रवि) |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, | मुख्य विद्युत अभियंता–1, | अभियंता प्रमुख (विद्युत), | सचिव, |
| भवन निर्माण विभाग, पटना। | भवन निर्माण विभाग, पटना। | भवन निर्माण विभाग, पटना। | भवन निर्माण विभाग, पटना। |

ज्ञापांक–प्र022/भ0वि0प्राक0–470/25– 242 (ac) दिनांक– 20/4/26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

20/4/26

(असीम कुमार)

मुख्य विद्युत अभियंता–1,

भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।